कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.09.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

हिन्दी परिषद् का गठन एवं शिक्षक दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी परिषद् का गठन एवं शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक न सिर्फ हमें शिक्षा देते हैं, बल्कि वह हमेशा हमें अच्छा इंसान बनाने की कोशिश भी करते हैं। उनकी कही बातें ही हमारे जीवन को निखारती है। वे हमारे भविष्य को आकार भी देते हैं। हमें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। हमें जीवन के हर नए मोड़ पर आने वाली सभी कठिनाईयों से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। डॉ0 सुषमा यादव ने डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि शिक्षक हमें न केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करते हैं बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण की शिक्षा देते हैं। इस अवसर पर छात्राओं ने गुरू की महत्ता पर प्रकाश डाला। परिषद् के पदाधिकारी के रूप में अध्यक्ष कविता मालेकर, उपाध्यक्ष हुनेश्वरी, महासचिव कविता ठाकुर, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सचिव नेहा ढीमर व कोषाध्यक्ष पृथ्वी ढीमर को मनोनित किया गया। परिषद् प्रभारी श्रीमती ज्योति भरणे नियुक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव व आभार कु0 कविता मालेकर ने किया।

टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

हिन्दी परिषद् का गठन एवं शिक्षक दिवस का आयोजन